करलो स्वागत की तैयारी | By Amit Kalra Meetu

मेरे राम जी आएंगे करलो स्वागत की तैयारी
मेरे राम जी आएंगे करलो स्वागत की तैयारी
इतने बरस के बाद है आई राजतिलक की बारी

दुल्हन के जैसी अयोध्या सजेगी
एक बार फिर से दिवाली मनेगी
राम लखन सीता हनुमत की निकलेगी असवारी

केसरिया दुपट्टा अपने माथे पे बाँध के
करोडो भगत होंगे सरयू के घाट पे
जय श्री राम के जयकारो से गूंजेगी दुनिया सारी

अयोध्या ना जा सका तो घर को सजाऊंगा
राम नाम का एक दीपक घर में जलाऊंगा
भक्तों के संग अम्ब्रीश मांगे रखियो लाज हमारी
मेरे राम जी आएंगे..........।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a4-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-amit-kalra-meetu/